NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.



R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 116 लखनऊ, शनिवार 09 दिसंबर 2023 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08


## कांग्रेस एमपी के ठिकानों पर मिला कुबेर का खजाना, पीएम बोले– जनता से लूटे गए पैसे की पाई–पाई लौटानी होगी, यह मोदी की गारंटी है

एजेंसी

नई दिल्ली छापेमारी बुधवार (6 दिसंबर) को शुरू हुई और यह रिपोर्ट लिखे जाने तक जारी थी। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, ओडिशा में बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े परिसरों पर छापेमारी जारी रहेगी, जहां से नकदी बरामद की गई थी। शुक्रवार को, विभाग के अधिकारियों ने बोलांगीर जिले के सुदापाड़ा में छापेमारी के दौरान नकदी से भरे 150 से अधिक बैग बरामद किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा और झारखंड में कर छापे के दौरान पार्टी के एक सांसद धीरज प्रसाद साहू ठिकानों से करोड़ों रुपये नकद जब्त होने के बाद कांग्रेस पार्टी




पर हमला बोला। एक्स को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री ने कहा देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के श्भाषणोंश को सुनें...। जनता से जो लूटा है, उसकी पाई–पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। राज्यसभा सांसद से जुड़े परिसरों पर छापेमारी के दौरान आयकर विभाग ने 200 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की। ये बरामदगी ओडिशा के कई स्थानों से की गई थी। छापेमारी बुधवार (6 दिसंबर) को शुरू हुई और यह रिपोर्ट लिखे जाने तक जारी थी। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, ओडिशा में बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े परिसरों पर छापेमारी जारी रहेगी, जहां से नकदी बरामद की गई थी। शुक्रवार को, विभाग के अधिकारियों ने बोलांगीर जिले के सुदापाड़ा में छापेमारी के दौरान नकदी से भरे 150 से अधिक बैग बरामद किए। पूर्व आईटी कमिश्नर शरत चंद्र दाश ने कहा कि यह ओडिशा में आयकर विभाग द्वारा अब तक की सबसे बड़ी नकदी जब्ती हो सकती है। दाश ने कहा, ष्मैंने राज्य में इतनी बड़ी मात्रा में नकदी की बरामदगी कभी नहीं देखी।लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए विपक्षी दलों पर निशाना साधना तेज कर दिया है। मोदी ने पिछले दिनों आलोचकों पर निशाना साधते हुए कहा था

## कांग्रेस सांसद के ठिकानों से 200 करोड़ कैश बरामद, बीजेपी बोली– मोहब्बत की दुकान पर भ्रष्टाचार का कारोबार चल रहा है

एजेंसी।

नई दिल्ली बीजेपी हमलावर हो गई है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने आखिर कहां–कहां काली कमाई और नोट छिपा रखे की है? राहुल गांधी और सोनिया गांधी बार–बार नोटबंदी के खिलाफ क्यों बोलते हैं? झारखंड में कांग्रेस सांसद धीरज साहू के यहां से 200 करोड़ रुपये से ज्यादा नकद मिली और गिनती जारी है... बैग और बोरियां कम पड़ गईं... कांग्रेस, करप्शन(भ्रष्टाचार) और कैश, ये तीनों एक साथ चलते हैं। शुक्रवार को ओडिशा और झारखंड में कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद धीरज साहू से जुड़े कई ठिकानों से 200 करोड़ रुपये से अधिक की




नकदी बरामद की गई। आयकर विभाग बुधवार (6 दिसंबर) से पड़ोसी राज्यों में साहू के परिसरों पर छापेमारी कर रहा था। खबर लिखे जाने तक छापेमारी जारी थी। सूत्रों के मुताबिक, ओडिशा में बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की गई, जहां से ज्यादातर नकदी बरामद की गई। अन्य स्थानों पर संबलपुर, बोलांगीर, टिटिलागढ़, बौध, सुंदरगढ़, राउरकेला और भुवनेश्वर में छापे मारे गए। वहीं, नोटों की गिनती अभी भी जारी है। इसी को लेकर भाजपा हमलावर हो गई है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने आखिर कहां–कहां काली कमाई और नोट छिपा रखे की है? राहुल गांधी और सोनिया गांधी बार–बार नोटबंदी के खिलाफ क्यों बोलते हैं? झारखंड में कांग्रेस सांसद धीरज साहू के यहां से 200 करोड़ रुपये से ज्यादा नकद मिली और गिनती जारी है... बैग और बोरियां कम पड़ गईं... कांग्रेस, करप्शन(भ्रष्टाचार) और कैश, ये तीनों एक साथ चलते हैं। स्मृति ईरानी ने कहा कि मोहब्बत की दुकान पर भ्रष्टाचार का कारोबार चल रहा है... कांग्रेस के आलाकमान और गांधी खानदान को देश को ये बताना होगा कि उनके जिस सांसद के 10 ठिकानों से जो 200 करोड़ रुपये बरामद हुए, ये कांग्रेस नेता गांधी खानदान में किसका ।ज्ड था? अब तक कांग्रेस पार्टी ने चुप्पी साध रखी है..

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड 49 में कार्यक्रम आयोजित किया गया

झांसी! विकसित भारत संकल्प यात्रा" के तहत वार्ड 49 गोंदू कंपाउंड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। निवर्तमान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव श्रृंगीरिषी जी ने विधिवत रूप से मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर संजीव श्रृंगीरिषी जी ने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देशभर



में आगामी 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रही है। जिसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करते हुए आम जनमानस को योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। जिनमें विभिन्न विभागों के द्वारा अपने–अपने विभागों से संबंधित स्टॉल लगाकर संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को उपलब्ध कराई जा रही है विभागों के अधिकारीगण व स्टॉफ उपस्थित रहे।

## रेलवे आउट हाउस से बेदखल किये जा रहे लोगों की समस्या जानने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य

प्रदीप वर्मा जिला संवाददाता

झांसीरू विगत कई दशकों से रेलवे एरिया मे बने आउट हाउस में रहकर अधिकारियों के बंगलों पर काम करने वाले सैकडो परिवारों को बेदखल करने को कार्यवाही की जा रही है।उन्हे एक सप्ताह में आउट हाउस खाली करने के नोटिस थमाए गये है। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के चलते हुये कई आउट हाउस गिरा दिये गये है। जिससे लोग बेघर हो गये है। शुक्रवार को पीड़ित लोगो से मिलने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप



जैन आदित्य ने उनकी समस्या सुनी। लोगों ने बताया कि वह तीन पीढियों से यहां रह रहें है और अधिकारियों के बगलों पर काम करते है। उनके इसी पते से आधार कार्ड व राशन कार्ड भी बने है। उन्होनें सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत आवास दिलाए जाने हेतु कई बार आवेदन किये है परंतु उन्हें आवास नही मिले है। रेलवे द्वारा बहुत अल्प समय में आउट हाउस छोड़ने के नोटिस दिये है। जिससे उनके समक्ष गहर संकट उत्पन्न हो गया।इस सर्द मौसम में बच्चों के साथ वह कहां जाये।

पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि जहां एक और सरकार सभी को घर और काम देने का दावा कर रही है।वही दूसरी और लोग बेघर व बेरोजगार किये जा रहे है। उन्होनें इस संबध में उच्चाधिकारियों से वार्ता कर समाधान का करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य बलवान सिंह यादव,अनिल रिछारिया, अमीर चंद आर्य , मेवलाल व नारायण सिंह आदि मौजूद रहें।

## महुआ मोइत्रां के निष्कासन पर सियासी बवाल, विपक्ष ने बताया लोकतंत्र की हत्या

एजेंसी।

नई दिल्श्ली मोइत्रा ने अपने इस निष्कासन की तुलना 'कंगारू अदालत' द्वारा सजा दिए जाने से करते हुए आरोप लगाया कि सरकार लोकसभा की आचार समिति को विपक्ष को झुकने के लिए मजबूर करने का हथियार बना रही है। कैश फॉर क्वेरी मामले में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को आज लोकसभा के सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया। सदन में लोकसभा की आचार संहिता की रिपोर्ट को चर्चा के बाद मंजूरी दे दी गई जिसमें महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की गई थी। महुआ मोइत्रा के खिलाफ सदन में प्रश्न पूछने के बदले नगदी लेने के प्रत्यक्ष संलिप्तता के आरोप लगे थे। भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा 15 अक्टूबर को शिकायत की गई थी। इसके बाद इस पूरे मामले को लेकर जांच पड़ताल शुरू हुई। हालांकि, इसको लेकर सियासी बवाल भी शुरू हो गया है। विपक्षी दलों के नेताओं ने इसे तानाशाही और लोकतंत्र के साथ विश्वासघात करार दिया। तो वहीं भाजपा ने कहा है कि महुआ मोइत्रा के प्रकरण से दुनिया में भारतीय सांसदों की छवि धूमिल हुई है। महुआ मोइत्रा ने क्या कहामोइत्रा ने अपने इस निष्कासन की तुलना 'कंगारू अदालत' द्वारा सजा दिए जाने से करते हुए आरोप लगाया कि सरकार लोकसभा की आचार समिति को विपक्ष को झुकने के लिए मजबूर करने का हथियार बना रही है। उन्होंने कहा कि



एथिक्स कमेटी के पास निष्कासित करने का कोई अधिकार नहीं है. ..यह आपके (बीजेपी) अंत की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि अगर इस मोदी सरकार ने सोचा कि मुझे चुप कराकर वे अडानी मुद्दे को खत्म कर देंगे, मैं आपको यह बता दूं कि इस कंगारू कोर्ट ने पूरे भारत को केवल यह दिखाया है कि आपने जो जल्दबाजी और उचित प्रक्रिया का दुरुपयोग किया है, वह दर्शाता है कि अडानी आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है, और आप एक महिला सांसद को समर्पण करने से रोकने के लिए उसे किस हद तक परेशान करेंगे। विपक्षी नेताओं के बयान – तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि इस कदम को देश के संसदीय लोकतंत्र के साथ ''विश्वासघात'' करार दिया। उन्होंने कहा कि आज मुझे बीजेपी पार्टी का रवैया देखकर दुख हो रहा है...उन्होंने लोकतंत्र को कैसे धोखा दिया...उन्होंने महुआ को अपना रुख स्पष्ट करने की अनुमति नहीं दी। सरासर अन्याय हुआ है। ममता ने कहा कि मैं आपको बता रही हूं कि महुआ (मोइत्रा) परिस्थितियों की शिकार हुई हैं। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं. ..हमारी पार्टी महुआ से साथ है हमारी पार्टी प्छक्। गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेगी...यह लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। – कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि महुआ मोइत्रा को अपराधी बताने के बाद एथिक्स कमेटी ने पूछताछ की मांग की। आप अपराधी मिलने के बाद जांच की मांग कैसे कर सकते हैं? आपको पहले जांच करनी चाहिए और फिर किसी को अपराधी कहना चाहिए... आपको(एथिक्स कमेटी) कानून की प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। – पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री डॉ. शशि पांजा ने कहा कि एक महिला का सत्ता में होना ऐसी चीज है जिसे भाजपा बर्दाश्त नहीं कर सकती. ... उन्होंने(भाजपा) कैसे सोचा कि यह निष्कासन उन्हें(महुआ मोइत्रा) चुप कराने के लिए काफी है? वे 2024 में फिर चुनाव लड़ेंगी। – कांग्रेस नेता अब्दुल खालिक ने कहा, ष्जो भी अडानी पर सवाल उठाता है ये सरकार उसके खिलाफ कार्रवाई करती है। महुआ मोइत्रा के केस में भी हमने वही देखा। ये सरकार डरती है... सरकार लोकतंत्र को खत्म कर रही है। – कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, ष्सबसे बड़ा विरोधाभास है कि एक व्यक्ति पर आपने कुछ आरोप लगाए, सभी उस पर बोल रहे थे पर उनको(महुआ मोइत्रा) बोलने और सफाई देने का मौका नहीं दिया गया। मुझे लगता है कि ये न्यायोचित नहीं है...भाजपा सशक्त महिलाओं से घबराती हैं। अडानी पर अगर कोई बात कर ले तो सदन में आपके लिए जगह नहीं है। अडानी और मोदी के रिश्तों पर जो भी सवाल उठाएगा उसके खिलाफ हर प्रकार की मनमानी कार्रवाई की जाएगी। – आप के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक कहते हैं, श्एक लक्ष्य रखा गया था कि उन्हें (महुआ मोइत्रा) को हटाना है और फिर एक रणनीतिक योजना बनाई गई... उन्हें फंसाया गया... हर कोई जानता था कि यह सब उन्हें निलंबित करने के लिए किया गया था। ..हम महुआ मोइत्रा के साथ हैं... – 'एक्स' पर एक पोस्ट में, अखिलेश यादव ने किसी का नाम लिए बिना कहा, सत्ताधारी दल विपक्ष के लोगों की सदस्यता लेने के लिए किसी सलाहकार को रख ले, जिससे मंत्रियों एवं सत्ता पक्ष के सासंदों और विधायकों का समय षड्यंत्रकारी गतिविधियों में न लगकर लोकहित के कार्यों में लगे। जिन आधारों पर सांसदों की सदस्यता ली जा रही है, अगर वही आधार सत्ता पक्ष पर लागू हो जाएं तो शायद उनका एक दो सांसद–विधायक ही सदन में बचेगा। कुछ लोग सत्ता पक्ष के लिए सदन से अधिक सड़क पर घातक साबित होते हैं।

## मैं विद्यार्थी परिषद का आर्गेनिक प्रोडक्ट हूं,एवीपी के अधिवेशन में बोले अमित शाह



एजेंसी

नई दिल्ली शाह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने अनेक मौकों पर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान, शील, एकता के अपने मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए, धैर्यपूर्वक एक पथ का निर्माण किया और देश के सामने, शिक्षा जगत के सामने एवं देश की सीमाओं के सामने जो भी चुनौतियां आईं, उस हर चुनौती के साथ विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने संघर्ष किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को खुद को विद्यार्थी परिषद का ऑर्गेनिक प्रोडक्ट बताते हुए कहा कि युवाशक्ति किसी भी देश की रीढ़ की हड्डी होती है। वह दिल्ली के बुराड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने अपनी सांस्कृतिक विरासत को अपनाया है और दुनिया भर में इसका उचित श्रेय दिया है! मोदी जी ने संकल्प लिया है कि आने वाले 25 वर्षों में भारत विश्व गुरु बनेगा। शाह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने अनेक मौकों पर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान, शील, एकता के अपने मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए, धैर्यपूर्वक एक पथ का निर्माण किया और देश के सामने, शिक्षा जगत के सामने एवं देश की सीमाओं के सामने जो भी चुनौतियां आईं, उस हर चुनौती के साथ विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने संघर्ष किया है। ये देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की 1949 से 2023 तक की यात्रा देश के विकास के साथ–साथ जुड़ी है। ढेर सारी चीजों में विद्यार्थी परिषद ने स्व जोड़ने का संघर्ष किया है। चाहे भाषा का आंदोलन हो, शिक्षा का आंदोलन हो, चाहे संस्कृति को बरकरार रखना हो। हर चीज में स्व का महत्व विद्यार्थी परिषद ने समाज को युवाओं के माध्यम से बताया है। विकसित भारत का लक्ष्य शाह ने कहा कि अमृत महोत्सव और अमृतकाल का जो संकल्प नरेन्द्र मोदी जी ने देश के सामने रखा है, वो आपके लिए है। क्योंकि इसे देखने के लिए आप सभी होंगे। जब आजादी के 100 वर्ष पूरे हों, तब उस आजादी के लिए बलिदान देने वाली सभी हुतात्माओं की कल्पना का भारत बनाने की जिम्मेदारी विद्यार्थी परिषद जैसे संगठन की है, मेरे सामने जो विराट युवाशक्ति बैठी है उसकी है। उन्होंने कहा कि युवाशक्ति किसी भी देश की रीढ़ की हड्डी होती है और युवाशक्ति ही देश एवं समाज को शिखर पर ले जाने का काम करती है। युवाओं ने युग परिवर्तन किया अमित शाह ने कहा कि भारत में ढेर सारे युवाओं ने युग परिवर्तन किया है। आपको तो रास्ता तलाशने की भी जरूरत नहीं है, 75 वर्षों में विद्यार्थी परिषद की पीढ़ियों ने ज्ञान, शील, एकता का जो रास्ता बनाकर रखा है, उसी रास्ते पर आपको चलना है। आपको सिर्फ संकल्प लेने

## बीजेपी की दूरी, अजित पवार के लिए जरूरी, आखिर नवाब मलिक महाराष्ट्र में क्यों बने सियासी मजबूरी

एजेंसीं

महाराष्ट अजित को लिखे पत्र में फडणवीस ने कहा कि वह नवाब मलिक को अपने गुट में शामिल नहीं करें क्योंकि उनके खिलाफ कई बड़े गंभीर आरोप है। इसके बाद से अजित पवार गुट की ओर से भी पलटवार किया गया। फिलहाल भाजपा और अजित गुट के बीच तलवारें खींचती हुई दिखाई दे रही हैं। महाराष्ट्र में एनसीपी नेता नवाब मलिक को लेकर भाजपा और एनसीपी अजित गुट आमने–सामने है। यह पूरा मामला मीडिया के सामने तब आया जब महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने अपने समकक्ष अजित पवार को पत्र लिखकर साफ तौर पर कह दिया कि यह महायुती गठबंधन के लिए ठीक नहीं रहेगा। अजित को लिखे पत्र में फडणवीस ने कहा कि वह नवाब मलिक को अपने गुट में शामिल नहीं करें क्योंकि उनके खिलाफ कई बड़े गंभीर आरोप है। इसके बाद से अजित पवार गुट की ओर से भी पलटवार किया गया। फिलहाल भाजपा और अजित गुट के बीच तलवारें खींचती हुई दिखाई दे रही हैं। कैसे शुरू हुआ मामला दरअसल, महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र का 7 दिसंबर से आगाज हुआ। नवाब मलिक एनसीपी के विधायक हैं। वह शीतकालीन सत्र में शामिल होने के लिए विधान भवन पहुंचे थे। शुरू में असमंजस की स्थिति रही कि वह किसी ओर बैठेंगे। लेकिन बाद में वह अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट के सदस्यों के बगल में पिछले पंक्ति के बेंच पर वह बैठे नजर आए। अजित पवार के नेतृत्व वाले एनसीपी नेताओं ने नवाब मलिक का जोरदार स्वागत भी किया। यहीं से नवाब मलिक को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई। विपक्षी दलों के नेताओं में कानाफूसी भी देखने को मिली। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता अंबादास दानवे और सुषमा अंधारे ने मलिक के सत्ता पक्ष में शामिल होने को लेकर सरकार पर निशाना साधा था। सत्ता पक्ष में बैठे नवाब मलिक की फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई। फडणवीस ने पत्र में क्या लिखा फडणवीस ने अजित पवार को लिखे अपने पत्र में कहा कि मलिक को एक विधायक के रूप में विधानसभा की कार्रवाई में भाग लेने का अधिकार है। उन्होंने कहा ,'' हमारी (भाजपा) उनके खिलाफ कोई व्यक्तिगत दुश्मनी या द्वेष नहीं है। लेकिन जिस प्रकार के आरोपों का वह सामना कर रहे हैं, उसे देखते हुए हमारा मानना है कि उन्हें महायुती में शामिल करना उचित नहीं होगा।'' भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि सत्ता आती है और जाती है। लेकिन सत्ता से ज्यादा महत्वपूर्ण देश है। फिलहाल वह सिर्फ मेडिकल आधार पर जमानत पर बाहर हैं। अगर उन पर लगे आरोप साबित नहीं हुए तो हमें उनका स्वागत करना चाहिए। भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों से जुड़े धनशोधन के मामले में ईडी ने मलिक को फरवरी 2022 में गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह चिकित्सकीय आधार पर जमानत पर हैं।गिरफ्तारी के समय मलिक उद्धव ठाकरे के



नेतृत्व वाली एमवीए सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। अजित पवार गुट ने क्या कहाफडणवीस के पत्र के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए अजित पवार ने कहा है कि नवाब मलिक को इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि एनसीपी में हमारे गुट ने महायुति के साथ जाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र के मौके पर वह पहली बार हॉल में आये थे। अजित पवार ने कहा कि वह किस गुट के साथ हैं, इसे लेकर उन्होंने अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं की है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा है कि मैं इस सब पर उनसे स्थिति स्पष्ट करने के बाद प्रतिक्रिया दूंगा। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने स्पष्ट किया कि नवाब मलिक के साथ कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि आज विधानसभा में आने के बाद उनका पुराने सहयोगियों से मिलना–जुलना स्वाभाविक है। विपक्ष का तंज राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को "भ्रष्ट जुमला पार्टी" बताया है और उस पर महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक का "अपमान" करने व अजित पवार समूह को फंसाने का आरोप लगाया है।

# संपादकीय

## काप समिट का क्या अर्थ ?

यह महत्त्वपूर्ण प्रश्न उठा है कि जब मेजबान देश ही जलवायु सम्मेलन का इस्तेमाल जलवायु परिवर्तन रोकने के मकसद के खिलाफ कर रहा हो, तो फिर ऐसे आयोजन की क्या प्रासंगकिता रह जाती है?

जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र की कॉप (कॉन्फरेंस ऑफ पार्टीज) प्रक्रिया की प्रासंगिकता पर अब वाजिब सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल इस प्रक्रिया के तहत 28वां सम्मेलन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हो रहा है। वैसे भी पिछले 27 सम्मेलनों में यह प्रक्रिया ज्यादा कुछ हासिल करने में नाकाम रही। लेकिन तब कम–से–कम इतना होता था कि जलवायु परिवर्तन के खतरों को लेकर सारी दुनिया एक स्वर से चिंता जताती थी। मगर यूएई में तो खुद मेजबान ने अब बनी मूलभूत समझ को चुनौती दे दी है। यूएई का राष्ट्रपति होने के नाते सुल्तान अल जबर कॉप–28 के अध्यक्ष हैं। इस महत्त्वपूर्ण भूमिका में होने के कारण उनकी राय ने दुनिया भर का ध्यान खींचा है। सुल्तान अल जबर ने कहा कि ऐसा कोई विज्ञान मौजूद नहीं है, जो जीवाश्म ऊर्जा का उपयोग चरणबद्ध ढंग से घटाने की जरूरत बताता हो। ऐसा आप तभी कर सकते हैं, जब आपने दुनिया को गुफाओं में वापस धकेल देने का इरादा कर लिया हो। इसके साथ ही ये तथ्य चर्चित हुआ कि अल जबर यूएई की राष्ट्रीय तेल कंपनी एडीएनओसी के अध्यक्ष भी हैं। इस रूप में तेल के कारोबार को जारी रखने के साथ उनका स्वार्थ जुड़ा हुआ है। इस बीच बीबीसी ने ई–मेल की लीक हुई एक शृंखला के आधार पर एक बड़ा खुलासा किया है कि यूएई ने कॉप–28 सम्मेलन के मौके पर तेल और गैस के सौदे करने– यानी अपने कारोबार को बढ़ाने की एक बड़ी योजना बनाई थी। संभवतरू कॉप–28 के दौरान उस पर अमल भी हो रहा है। तो ये प्रश्न उठा है कि जब मेजबान जलवायु सम्मेलन का इस्तेमाल जलवायु परिवर्तन रोकने के मकसद के खिलाफ कर रहा हो, तो फिर ऐसे आयोजन की क्या प्रासंगकिता रह जाती है? अब तक यह कहा जाता था कि भले कॉप प्रक्रिया से ठोस कुछ हासिल ना होता हो, लेकिन कम–से–कम इस मौके पर होने वाली चर्चाओं से दुनिया में जलवायु समस्या को लेकर जागरूकता फैलती है। यह सच भी है। लेकिन इस बार तो खुद सम्मेलन के अध्यक्ष ने उस समझ को चुनौती दे डाली है, जो दशकों के प्रयास से बनी है।

## ईवीएम का विवादित मसला

अगर ईवीएम अविश्वसनीय हैं, तो फिर कांग्रेस या संपूर्ण विपक्ष को इस मुद्दे को एक संगठित ढंग से उठाना चाहिए। साथ ही इन दलों को यह कहना चाहिए कि वे चुनाव में भाग तभी लेंगे, जब इन्हें विश्वसनीय विधि से कराया जाएगा।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस को दो बड़े नेताओं– दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने जो कहा है, उसका संकेत है कि वे राज्य में अपनी पार्टी की हुई हार को स्वीकार करने से इनकार कर रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने साफ कहा है कि उन्हें ईवीएम पर भरोसा नहीं है। इसके पहले जब एक एग्जिट पोल में भाजपा को 160 से अधिक सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया था, तब सिंह ने ट्विट कर उस सर्वे एजेंसी के कर्ताधर्ता की साख पर सवाल उठाया था। कमलनाथ ने संदेह जताया है कि उस सर्वे एजेंसी को पहले से नतीजा पता था, और उसने ऐसे परिणाम के बारे में पहले से माहौल बनाने की कोशिश की। स्पष्टतरू ये गंभीर आरोप हैं। इनकी गंभीरता इसलिए अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि इनका सीधा संबंध भारतीय लोकतंत्र की साख से है। लोकतंत्र का यह अनिवार्य तत्व है कि उसमें होने वाले चुनावों में सभी सहभागी पक्षों का यकीन बना रहे। तभी राजनीतिक दल अपनी हार को सहजता से स्वीकार करते हैं।

अपेक्षा यह होती है कि पार्टियां अपनी हार को इस रूप में स्वीकार करें कि इस बार वे मतदाताओं का पर्याप्त समर्थन नहीं जुटा पाए। लेकिन अगर दल यह मानें कि मतदाताओं का बहुमत उनके साथ था, लेकिन किसी प्रकार की धांधली से जीत उनसे छीन ली गई, तो फिर चुनाव और लोकतंत्र दोनों की साख खतरे में पड़ जाती है। इसीलिए दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के बयानों को हलके से नहीं लिया जा सकता। इन बयानों से कई प्रश्न उठे हैं। मसलन, यह कि जब कांग्रेस जीत जाती है, वहां उसके नेता ऐसे सवाल क्यों नहीं उठाते? फिर ऐसे प्रश्न चुनाव नतीजे आने के बाद क्यों उठाए जाते हैं? अगर ईवीएम अविश्वसनीय हैं, तो फिर कांग्रेस या संपूर्ण विपक्ष को इस मुद्दे को एक संगठित ढंग से उठाना चाहिए। साथ ही उसे यह बताना चाहिए कि किस विधि से होने वाले चुनाव को वह विश्वसनीय मानेगा। उसे यह कहना चाहिए कि जब तक उसकी शर्तें पूरी नहीं होतीं, वह चुनावों में भाग नहीं लेगा। वरना, चुनावों के बाद ऐसे आरोप अंगूर खट्टे हैं, वाली कहावत की श्रेणी में माने जाएंगे।

## जो बाइडन कठिन है डगर पनघट की

अमेरिका एक बड़ा तबका परेशानहाल है। कारणरू हाल में हुए जनमत सर्वेक्षणों के नतीजे। जो बाइडन अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप से पिछड़ रहे हैं। न्यूयार्क टाईम्स और सिएना कालेज के जनमत सर्वेक्षण से मालूम पड़ा कि प्रमुख राज्यों में ट्रंप, बाइडन से 10 पॉइंट आगे हैं। एनबीसी न्यूज द्वारा करवाए गए राष्ट्रस्तरीय जनमत सर्वेक्षण में ट्रंप, बाइडन से बहुत थोड़े अंतर पाए गए। इन परस्पर विरोधी आंकड़ों ने डेमोक्रेटों, बुद्धिजीवियों, अध्येताओं, डेमोक्रेट मतदाताओं और अमरीका के शुभचिंतकों के बीच चिंता की लहर पैदा कर दी है। यह साफ है कि बाइडन में लोगों का भरोसा कम हो रहा है।

और यह इस तथ्य के बावजूद कि जो बाइडन का पहला कार्यकाल काफी हद तक सफल कहा जा सकता है। वे देश के हालात सामान्य बना सके। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती को, देश को और अधिक नुकसान नहीं पहुंचाने दिया। उन्होंने यूक्रेन पर हुए आक्रमण और इजराइल–हमास युद्ध दृ दोनों मामलों में दृढ़ता का परिचय दिया।

लेकिन इसके बावजूद चुनावों के एक साल पहले बाइडन देश की पहली पसंद नहीं हैं। सवाल है कौनसी बातें उनके खिलाफ जा रही हैं? सबसे मुख्य है उनकी आयु। हालांकि मेरा मानना है कि उनकी उम्र मात्र एक नंबर होती है और उनकी चुस्ती–फुर्ती को देखते हुए लगता है कि उनकी आयु के मुद्दे को जरूरत से ज्यादा तूल दिया जा रहा है। वैसे ट्रंप भी युवा नहीं हैं! किंतु सीएनएन के हालिया राष्ट्रीय जनमत सर्वेक्षण में भी ट्रंप को बाइडन से चार प्रतिशत आगे बताया गया है।

केवल एक–चौथाई लोगों ने माना कि राष्ट्रपति में ष्अपना काम करने लायक शारीरिक और मानसिक क्षमता हैष् जबकि 77 वर्षीय ट्रंप के बारे में आधे से अधिक लोगों ने कहा कि ट्रम्प में यह क्षमता है। इससे यह स्पष्ट है कि बहुत से लोगों ने आयु के आधार पर अपनी पसंद तय की है।

दूसरा मसला जनता तक अपनी बात पहुंचाने काहै। बाइडन और उनका प्रशासन जनता को अपने बेहतर काम से वाकिफ नहीं कर पाया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि पिछले चार सालों में बाइडन ने अमेरिका को डावांडोल स्थिति से निकालकर वहां स्थिरता कायम की है दृ चाहे हम अर्थव्यवस्था के बात करें या विदेश नीति की। लेकिन वे श्बाइडनोमिक्सश्र जैसी उनके लिए घातक ब्रांडिंग में उलझ गए हैं।

# मुलाकात के ठीक बाद चीन को झटका देते हुए इटली हुआ बीआरआई से बाहर, दुनिया बोली– मोदी है तो मुमकिन है



सोशल मीडिया पर तमाम तरह की बातें कही जा रही हैं लेकिन आइये जरा दोनों देशों के संबंधों के प्राचीन और हालिया इतिहास पर एक निगाह डालते हैं ताकि यह स्पष्ट हो सके कि दोनों देश क्यों दूर हुए थे और क्यों करीब आ रहे हैं। इटली ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव यानि बीआरआई से बाहर निकलने का ऐलान किया तो सोशल मीडिया पर एक बार फिर ट्रेंड हुआ कि मोदी है तो मुमकिन है। हम आपको याद दिला दें कि इस साल सितंबर महीने में जब जी–20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी भारत आईं थीं तो उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय मुलाकात से ठीक पहले चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग से मुलाकात की थी और इस मुलाकात के दौरान उन्हें यह संकेत देकर बड़ा झटका दे दिया था कि इटली चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट से बाहर निकलना चाहता है। इसके दो दिन बाद इटली ने चीन को एक और बड़ा झटका देते हुए ऐलान किया कि वह भारत–मध्य पूर्व और यूरोप की आर्थिक कॉरिडोर परियोजना में शामिल होगा। इसके बाद, अब दुबई में हाल में संपन्न ब्व्28 बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेलोनी के साथ बैठक और दोनों नेताओं की सेल्फी वायरल होने के बाद इटली ने इस बात का औपचारिक ऐलान कर दिया कि वह बीआरआई प्रोजेक्ट से बाहर हो रहा है। इटली क्यों चीन का साथ छोड़ रहा है और क्यों भारत के करीब आना चाह रहा है इसको लेकर सोशल मीडिया पर तमाम तरह की बातें कही जा रही हैं लेकिन आइये जरा दोनों देशों के संबंधों के प्राचीन और हालिया इतिहास पर एक निगाह डालते हैं ताकि यह स्पष्ट हो सके कि दोनों देश क्यों दूर हुए थे और क्यों करीब आ रहे हैं। भारत–इटली संबंधों के महत्वपूर्ण बिंदु जहां तक भारत और इटली के प्राचीन संबंधों की बात है तो आपको बता दें कि दोनों देश विश्व की प्राचीन सभ्यताएं हैं और इनका संबंध 2,000 वर्ष पुराना है। भारत की आजादी से पहले भारत–इटली संबंधों के महत्वपूर्ण पड़ावों की बात करें तो इतिहास में उल्लेख मिलता है कि इतालवी बंदरगाह शहर महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र थे जिसके चलते भारत के व्यापारिक संबंध यहां से जुड़े। इसके अलावा, वेनिस के व्यापारी मार्को पोलो ने 13वीं शताब्दी में भारत की यात्रा के बाद अपने अनुभवों के बारे में काफी कुछ लिखा था। साथ ही, पिछली सदी में नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर ने मई–जून 1926 में इटली का दौरा किया था। इस यात्रा की व्यवस्था रोम विश्वविद्यालय में संस्कृत के प्रोफेसर कार्लो फॉर्मिची ने की थी। यही नहीं, दिसंबर 1931 में लंदन में गोलमेज सम्मेलन से लौटते समय महात्मा गांधी ने भी रोम का दौरा किया था। इतिहास की पुस्तकों में यह भी उल्लेख मिलता है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नेताओं ने इतालवी क्रांतिकारी माजिनी को भी खूब पढ़ा था। इसके अलावा, ब्रिटिश भारतीय सेना में कार्यरत भारतीय सैनिक द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी और मुसोलिनी की सेना के खिलाफ लड़ते हुए इटली में तैनात थे। 1947 में स्वतंत्रता के बाद भारत और इटली के बीच राजनयिक संबंध स्थापित हुए और तब से दोनों देशों के बीच राजनीतिक और आधिकारिक स्तर पर यात्राओं का नियमित आदान–प्रदान होता रहा है, जिसमें राष्ट्राध्यक्षों की कई यात्राएँ भी शामिल हैं।सोनिया–मनमोहन के कार्यकाल में इटली से भारत के संबंध विवादों में रहेभारत और इटली के संबंधों में खराब दौर की बात करें तो आपको बता दें कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को 2012 में झटका लगा था जब दो इतालवी नौसैनिकों पर उस वर्ष फरवरी में दो भारतीय मछुआरों की हत्या का आरोप लगाया गया। उस समय नौसैनिक सल्वाटोर गिरोने और मासिमिलियानो लातोरे, केरल के तट पर एक इतालवी तेल टैंकर की सुरक्षा कर रहे थे, जब उन्होंने मछुआरों को ले जा रही नाव पर गोलीबारी की। नौसैनिकों ने कहा कि उन्होंने मछुआरों को समुद्री डाकू समझ लिया था। इटली ने तर्क दिया था कि मछुआरे एमवी एनरिका लेक्सी टैंकर से दूर रहने की चेतावनी पर ध्यान देने में विफल रहे थे। इस घटना के बाद दोनों इतालवी नौसैनिकों को गिरफ्तार कर लिया गया था और उन पर हत्या का आरोप लगाया गया। उन्हें केरल से नई दिल्ली ले जाया गया और जब उनका मुकदमा चल रहा था तब वे इतालवी दूतावास परिसर में रुके थे। उस समय इटली के राजदूत को उनका गारंटर बनना पड़ता था। मामला तब तूल पकड़ गया, जब प्रधानमंत्री पद के तत्कालीन उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान अपने चुनाव अभियान में इस मुद्दे को उठाया। बाद में मुकदमा लंबित होने के कारण, दोनों इतालवी नौसैनिकों को इटली लौटने की अनुमति दी गई। 2015 में दोनों देश इस मामले को हेग में स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (पीसीए) में ले गए। पीसीए ने इटली को ष्जीवन के नुकसान के लिएष् भारत को मुआवजा देने का आदेश दिया और इटली द्वारा 100 मिलियन रुपये की राशि का भुगतान करने के बाद आखध्रिकार, मामला 2021 में बंद कर दिया गया। इसके अलावा, 2011–12 में दोनों देशों के संबंध तब तनावपूर्ण हो गये थे जब इटली सरकार समर्थित रक्षा कंपनी फिनमेकेनिका द्वारा कथित अनैतिक लेनदेन की इतालवी अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने जांच की। जांच के दौरान इस समूह की सहायक कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड द्वारा भारत के साथ हस्ताक्षरित 3,500 करोड़ रुपये से अधिक के सौदे में भ्रष्टाचार पाया गया। हम आपको बता दें कि 2010 में हुआ यह सौदा भारतीय वायुसेना को 12 ॅ।–101 हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति का अनुबंध था। भ्रष्टाचार के आरोप सामने आने के बाद यह मुद्दा तेजी से भारत में राजनीतिक रूप से तूल पकड़ गया। सोनिया गांधी के इतालवी मूल ने भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने के लिए और अधिक हथियार दे दिए, जो उस समय पहले से ही भ्रष्टाचार के घोटालों से जूझ रही थी। इसके बाद अनुबंध रद्द होने और जून 2014 में इटली में कानूनी मामला जीतने के बाद भारत सरकार ने 2,000 करोड़ रुपये की गारंटी भुना ली जिससे दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया। हालांकि इतालवी अदालतों ने 2018 में अपर्याप्त सबूतों के आधार पर सभी आरोपों को खारिज कर दिया। साथ ही इतालवी अदालतों के फैसले को 2019 में इटली के सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था। मोदी के कार्यकाल में इटली से भारत के संबंध सुधरे भारत और इटली के संबंधों में सुधार लाने का काम 2018 से शुरू हुआ। जब तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने 2–5 सितंबर 2016 को वेटिकन में मदर टेरेसा को संत घोषित करने संबंधी समारोह के लिए एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उस दौरान उन्होंने अपने इतालवी समकक्ष पाओलो जेंटिलोनी से मुलाकात की और दोनों पक्षों ने राजनयिक संबंधों के 70वें वर्ष का जश्न मनाने का फैसला किया। 2018 में यह उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के माध्यम से मनाया गया। इसके बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दिसंबर 2019 में रोम का दौरा किया और तत्कालीन प्रधानमंत्री ग्यूसेप कोंटे से मुलाकात की। इसके बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली के पीएम कोंटे ने 6 नवंबर 2020 को भारत और इटली के बीच एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन की सह–अध्यक्षता की। इसमें 2020–2025 कार्य योजना को अपनाया गया। इस दौरान देशों के बीच बढ़ी हुई साझेदारी के लिए महत्वाकांक्षी एजेंडा तय किया गया। इसके बाद मोदी ने ळ20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अक्टूबर 2021 में इटली की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा की। शिखर सम्मेलन के मौके पर उन्होंने इटली के तत्कालीन प्रधान मंत्री

# कांग्रेस चुनाव लडना सचमुच भूल गई है!

अजीत द्विवेदी

उत्तर भारत में क्यों कर कांग्रेस डूबी–3रू नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने भाजपा को चुनाव लडने की मशीनरी बना दिया है। और राजनीति में यह अच्छी बात है। ठिक दूसरी तरफ कांग्रेस चुनाव लडना भूल गई! कैसे और क्यों? आज हकीकत है कि कांग्रेस कंपीटिशन मेंन तो चुनाव लडने की मशीनरी बनी है बल्कि चुनाव लडने की बेसिक्स भी छोड़ बैठी है। दूसरे शब्दों में किस तरह से उम्मीदवारों का चयन होता है, कैसे जमीनी मुद्दे उठाए जाते हैं, किस तरह से प्रदेशों में संगठन काम करता है, कैसे चुनाव अभियान समिति काम करती है,कैसे केंद्रीय टीम के साथ प्रदेश कमेटी के तालमेल होते है, चुनाव के बीच जमीनी स्तर पर क्या क्या तैयारियां होती हैं और कहां नेतृत्व को रणनीतिक लचीचापन दिखाना होता है और कहां सख्ती करनी होती है, जबकि ये सब ऐसी चीजें हैं, जो कांग्रेस और उसके नेताओं को सामान्य ज्ञान की तरह पता होनी चाहिए! इस बारे में किसी भी पार्टी को कुछ भी बताना पानी में मछली को तैरना सिखाने की तरह है। लेकिन अफसोस की बात है कि कांग्रेस संगठन चलाने, चुनाव लडने और लड़ कर सत्ता हासिल करने का बेसिक इंस्टिंक्ट भूल चुकी है।

हिंदी पट्टी के तीन राज्यों– राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस चुनाव हारी तो ईमानदारी से उसका विश्लेषण करने की बजाय कांग्रेस नेता तेलंगाना का वोट जोड़ कर कहने लगे कि कांग्रेस को भाजपा से 10 लाख वोट ज्यादा मिला है। हकीकत यह है कि इन तीन राज्यों में कांग्रेस को भाजपा से 50 लाख वोट कम मिला है। कांग्रेस को तीन लाख 98 हजार वोट मिला है तो भाजपा को चार करोड़ 51 लाख वोट मिला है। राजस्थान के नजदीकी मुकाबले को छोड़ दें तो दो राज्यों में कांग्रेस को निर्णायक हार मिली है। लेकिन अब कांग्रेस नेता इस टोटके की बात कर रहे हैं कि 2003 में इन राज्यों में कांग्रेस हारी थी तो 2004 में देश की सत्ता उसको मिल गई थी। ऐसी जब सोच है तो फिर भगवान ही मालिक है!

बहरहाल, अगर ईमानदारी से कांग्रेस इन तीन राज्यों में हार के कारणों की तलाश करती तो उसको पता चल जाता कि इन राज्यों में हार के बीज 2018 में ही पड़ गए थे। असल में कांग्रेस में इन दिनों केंद्रीय आलाकमान की तरह राज्यों में भी आलाकमान बनाने का चलन हो गया है। पहले कांग्रेस में एक ही आलाकमान होता था। लेकिन अब राज्यों में छोटे छोटे आलाकमान बना दिए गए हैं। राज्यों में एक ही नेता के हाथ में सब कुछ सौंप दिया जाता है और उसके फैसले पर सवाल नहीं उठाया जाता है। यह संगठन के कमजोर होने और जमीनी नेताओं के हाशिए पर जाने का कारण बना है। सोचें, जब 2018 में मध्य प्रदेश में कमलनाथ मुख्यमंत्री बने तो उन्हीं को प्रदेश अध्यक्ष क्यों बनाए रखा गया? ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चुनाव अभियान समिति के बतौर प्रमुख के नाते कितनी मेहनत की थी, क्या यह किसी से छिपा हुआ था? लेकिन उन्हें सरकार या संगठन में हिस्सेदार नहीं बनाया गया। जब वे लोकसभा चुनाव हार गए तो उन्हें 2020 में राज्यसभा जाने से भी रोकने का प्रयास हुआ, जिसका नतीजा यह हुआ कि 15 साल बाद मिली सत्ता कांग्रेस ने गंवा दी। इस बार चुनाव में ग्वालियर–चंबल संभाग के नतीजों से पता चल रहा है कि सिंधिया के होने या नहीं होने का क्या असर हुआ है।

बिल्कुल यही स्थिति राजस्थान की रही, जहां अशोक गहलोत के हाथ में सब कुछ सौंप दिया गया। सचिन पायलट बागी हुए तो उनके प्रति लचीलापन दिखाने की बजाय उनको सबक सिखाने का फैसला हुआ। सबको पता है कि 2018 के राजस्थान विधानसभा चुनावों से पहले प्रदेश अध्यक्ष के नाते पायलट ने कितनी मेहनत की थी। जाति का ही सही लेकिन एक वोट आधार बना था। इस बार के चुनावों में पूर्वी राजस्थान के नतीजों से पायलट की उपयोगिता का पता चल रहा है। अगर गहलोत अपने अहंकार और सर्वज्ञ होने की सोच में चुनाव नहीं लड़ते तो आज वे रिवाज बदल कर मुख्यमंत्री बनते। राज्य की 44 सीटें ऐसी हैं, जहां तीसरी पार्टी या निर्दलीय को हार–जीत के अंतर से ज्यादा वोट मिला है। ये सारी सीटें भाजपा ने जीती हैं और कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही है। गहलोत को भारतीय आदिवासी पार्टी, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टियों को कुछ सीटें देकर उनसे तालमेल करना था। लेकिन या तो वे इस अहंकार में थे कि वे जीत जाएंगे या यह सोचा हुआ था कि कांग्रेस को हरवा कर जाना है। ऐसे में कांग्रेस आलाकमान का सार्थक हस्तक्षेप हो सकता था लेकिन दिल्ली में सब चुप रहे।

इसी तरह छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल आलाकमान बन गए और उनकी जैसे मर्जी हुई वैसे उन्होंने सरकार चलाई। एक समय मुख्यमंत्री पद के दावेदार रहे टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, चरणदास महंत जैसे नेताओं की कोई पूछ नहीं रही। चुनाव में भी कांग्रेस ने सब कुछ कमलनाथ, अशोक गहलोत और भूपेश बघेल के ऊपर छोड़ा था। इसके उलट भाजपा में सब कुछ नरेंद्र मोदी और अमित शाह के स्तर पर तय हो रहा था। हालांकि भाजपा के उम्मीदवारों की पहली सूची के बाद लगा की कुछ गलत हो रहा है तो तुरंत मोदी और शाह ने लचीलापन दिखाया और प्रदेश के क्षत्रपों को चुनावी प्रक्रिया में शामिल किया। क्या इस तरह का रणनीतिक लचीलापन कांग्रेस नेतृत्व नहीं दिखा सकता है? कांग्रेस आलाकमान यानी गांधी परिवार और मल्लिकार्जुन खडगे ने सब कुछ प्रदेश नेताओं पर छोड़े रखा और प्रादेशिक क्षत्रपों के विरोधी नेताओं की कोई बात नहीं सुनी।

इसे लेकर तीन तरह की थ्योरी है। पहली तो यह कि प्रादेशिक स्तर पर कांग्रेस आलाकमान ने जिनको पूरी पार्टी आउटसोर्स की थी उन्होंने किसी तरह से दिल्ली में नेताओं का मुंह बंद कर रखा था। दूसरी थ्योरी यह है कि कांग्रेस आलाकमान इतना कमजोर हो गया है कि प्रादेशिक क्षत्रप अब उसके कंट्रोल में नहीं हैं और तीसरी थ्योरी यह है कि जो संसाधन जुटा रहा था उसके हाथ में सब कुछ सौंप दिया गया। कमलनाथ को जैसी बेहिसाब ताकत मिली या अशोक गहलोत ने पायलट मामले में या राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के समय जैसा आचरण किया और भूपेश बघेल ने टीएस सिंहदेव प्रकरण में जैसी राजनीति की वह कुल मिला कर आलाकमान की बांह मरोडने जैसा था। वैसे यह सिर्फ इन तीन राज्यों का मामला नहीं है। हरियाणा से लेकर कर्नाटक और तेलंगाना तक में कांग्रेस आलाकमान के हाथ बंधे दिखते हैं।

बहरहाल, जब चुनाव लडना भूल जाने की बात करते हैं तो उसमें कई चीजें शामिल होती हैं। चुनाव प्रचार और रैलियां उनमें से एक है। इसमें राहुल गांधी और प्रियंका गाधी वाड्रा या मल्लिकार्जुन खडगे की मेहनत पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। लेकिन यह तो सिर्फ एक छोटा सा हिस्सा है। बड़ा हिस्सा चुनावी नैरेटिव बनाने और उसके हिसाब से आचरण करने, चुनाव की रणनीति बनाने और उस पर अमल करने और रणनीतिक समझौते करने का होता है। इन सभी कसौटियों पर कांग्रेस का केंद्रीय और प्रादेशिक आलाकमान दोनों बार–बार विफल साबित होते हुए है। सोचें, नरेंद्र मोदी और अमित शाह जैसे शक्तिशाली नेता जरुरत पडने पर हनुमान बेनीवाल के लिए सीट छोड़ देते हैं कहीं आजसू के सुदेश महतो के लिए सीट छोड़ देते हैं, लोकसभा के साथ साथ राज्यसभा की सीट देकर भी लोक जनशक्ति पार्टी से समझौता करते हैं, शिव सेना तोडने वाले एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बना देते हैं, अपनी पार्टी में ही बगावत करने वाले या चुनौती देने या विरोधी माने जाने वाले येदियुरप्पा, शिवराज, वसुंधरा, रमन सिंह, उमा भारती आदि को पर्याप्त महत्व दे देते हैं। लेकिन कांग्रेस में ऐसा लचीलापन कोई नहीं दिखाता है।

ऐसे ही कांग्रेस जो विमर्श खड़ा करती है उसमें भी उसका आचरण अलग होता है। उसमें वॉक द टॉक वाली बात नहीं होती है। मिसाल के तौर पर राहुल गांधी ने जाति गणना और आरक्षण बढ़ाने को सबसे बड़ा मुद्दा बनाया लेकिन कांग्रेस यह दावा नहीं कर सकती है कि उसके संगठन में पिछड़ी जाति के लोग आबादी के अनुपात में हैं। तीन मुख्यमंत्री जरूर कांग्रेस दिखा रही थी लेकिन वह तात्कालिक मामला था। इसके उलट भाजपा ने नरेंद्र मोदी के चेहरे, उनकी सरकार में शामिल पिछड़ी जातियों के मंत्रियों, ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने, विश्वकर्मा योजना,

## आज का राशिफल

रणबीर कपूर की लेटेस्ट रिलीज फिल्म एनिमल का फीवर देश ही नहीं पूरी दुनिया पर चढ़ा हुआ है. इस क्राइम थ्रिलर के लिए दर्शकों की दीवानगी हर गुजरते दिन के साथ बढ़ती ही जा रही है. फिल्म में रणबीर कपूर और बॉबी देओल के खूंखार अवतार पर ऑडियंस दिल हार बैठी है और इसी के साथ सिनेमाघरों में एनिमल को देखने के लिए खूब भीड़ उमड़ रही है.ऐसे में फिल्म पर नोटों की भी बरसात हो रही है. तमाम रिकॉर्ड ब्रेक करने के साथ एनिमल ने रिलीज के महज 6 दिनों में दुनियाभर में एक और माइलस्टोन पार कर लिया है. एनिमल का दुनियाभर में भौकाल मचा हुआ है. फिल्म बुलेट से भी तेज रफ्तार से कमाई कर रही है और इसने हर किसी को हैरान कर दिया है. एनिमल को रिलीज हुए 6 दिन ही हुए हैं और इसने कई रिकॉर्ड ब्रेक कर दिए हैं. यहां तक कि इसने शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान और पठान को भी पीछे छोड़ दिया है. फिल्म की छठे दिन की वर्ल्डवाइड कमाई की बात करें तो इसने 520 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है. वर्ल्डवाइड फिल्म के डे वाइज ये हैं आंकड़े– पहले दिन एनिमल ने दुनियाभर में 116 करोड़ से ज्यादा की ओपनिंग की थी. दूसरे दिन फिल्म की वर्ल्डवाइड कमाई 120 करोड़ रुपये रही. तीसरे दिन एनिमल ने दुनियाभर में 120 करोड़ कमाए, चौथे दिन एनिमल की वर्ल्डवाइड कमाई 69 करोड़ रही, पांचवें दिन यानी मंगलवार को एनिमल ने दुनियाभर में 56 करोड़ का कलेक्शन किया है. छठे दिन एनिमल का दुनियाभर में कलेक्शन 527.6 करोड़ रुपये हो गया है.एनिमल ने घरेलू बाजार में भी रिलीज के छठे दिन इतिहास रच दिया है. ये फिल्म अपनी रिलीज के छठे दिन 30 करोड़ का कलेक्शन कर 300



करोड़ के पार हो गई है. इसका देश में सभी भाषाओं में 6 दिन का कुल कलेक्शन अब 312.96 करोड़ हो गया है. इसी के साथ इस फिल्म ने टाइगर 3 के लाइफटाइम कलेक्शन (282.30) का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है.
वहीं फिल्म ने छठे दिन के कलेक्शन में जवान (24 करोड़ रुपये) , पठान (25.5 करोड़ ) और बाहुबली 2 (26 करोड़ ) का रिकॉर्ड भी चकनाचूर कर दिया है. हालांकि फिल्म गदर 2 के छठे दिन के कलेक्शन (32.37) को पीछे नहीं छोड़ पाई. वहीं एनिमल जिस रफ्तार से कमाई कर रही है उसे देखते हुए कहा जा रहा है कि ये फिल्म जल्द ही घरेलू बाजार और वर्ल्डलाइड शाहरुख खान की जवान और पठान के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ देगी.

# शाहरुख खान की डंकी की एडवांस बुकिंग विदेशों में शुरू, 21 दिसंबर को पर्दे पर आएगी फिल्म

हिंदी सिनेमा के मेगा सुपरस्टार शाह रुख खान किसी अलग पहचान के मोहताज नहीं हैं। अपनी कमाल की एक्टिंग से इस साल शाह रुख पठान और जवान जैसी मेगा ब्लॉकबस्टर मूवीज दे चुके हैं। मौजूदा समय में फिल्म डंकी को लेकर किंग खान का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है।इस बीच डंकी की एडवांस बुकिंग को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जो विदेशों में इस फिल्म की टिकटों की सेल से जुड़ा हुआ है।शाह रुख खान स्टारर डंकी का शानदार ट्रेलर 5 दिसंबर को रिलीज किया गया है। इस ट्रेलर को देखने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट इस फिल्म के लिए काफी बढ़ गई है। आलम ये है कि हर कोई डंकी की रिलीज का इंतजार कर रहा है।इस बीच यशराज फिल्म्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर डंकी की एडवांस बुकिंग से जुड़ा अपडेट साझा किया है। यशराज फिल्म्स के मुताबिक विदेशो में डंकी की एडवांस बुकिंग की शुरुआत हो गई है। वर्ल्डवाइड ये फिल्म 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।यशराज फिल्म्स की तरफ विदेशों में शाह रुख खान की इस फिल्म की टिकटों की सेल आज यानी 7 दिसंबर से शुरू कर दी गई है। बता दें कि इस एडवांस बुकिंग के जरिए डायरेक्टर राजकुमार हिरानी की डंकी को रिलीज के बाद वर्ल्डवाइड कलेक्शन में काफी मुनाफा मिल सकता है।विदेशों में शाह रुख खान डंकी की टिकटों की एडवांस बुकिंग



विंडो खुलने के बाद अब हर किसी की नजर इंडिया में इसकी शुरुआत पर टिकी हुई है। हालांकि मेकर्स की तरफ से अब तक भारत में डंकी की एडवांस बुकिंग को लेकर कोई अपडेट शेयर नहीं किया गया है। लेकिन ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि रिलीज से एक सप्ताह पहले यानी 14 दिसंबर को इंडिया में डंकी की टिकटों की एडवांस बुकिंग की शुरुआत की जा सकती है। लेकिन इस मामले की अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की जा सकती है।

# बाक्स आफिस पर छा गई हाय नन्ना, नानी–मृणाल ठाकुर की फिल्म ने ओपनिंग डे पर की धांसू कमाई

साउथ स्टार नानी और मृणाल ठाकुर की मच अवेटेड फिल्म हाय नन्ना 7 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है. रिलीज के बाद फिल्म को ऑडियंस से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. सिल्वर स्क्रीन पर नानी और मृणाल ठाकुर की केमिस्ट्री छा गई है. बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई भी शानदार हो रही है. इस बीच इस फिल्म के पहले दिन के कलेक्शन की जानकारी भी सामने आ गई है.

रिपोर्ट के मुताबिक, नानी और मृणाल ठाकुर की फिल्म हाय नन्ना ने पहले दिन 7 करोड़ करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन कर लिया है. वैसे ये अभी अर्ली एस्टीमेट है. रियल



डेटा सामने के बाद कमाई में और भी ज्यादा इजाफा देखने को मिल सकता है.

हाय नन्ना एक पिता और उसकी 6 साल की बेटी की भावुक कहानी है. कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म का रिव्यू करते हुए बताया कि ये फिल्म आंखें नम कर देती है. इसमें फिल्म में नानी और मृणाल ठाकुर के अलावा श्रुति हासन ने लीड किरदार निभाया है. लोग इस फिल्म जमकर अपना प्यार लुटा रहे हैं. फिल्म की कहानी एक इमोशनल जर्नी पर लेकर जाती है जिसे पर्दे पर बड़ी खूबसूरती के साथ उतारा गया है. फिल्म का म्यूजिक हेशम अब्दुल वहाब ने दिया है.

नानी और मृणाल ठाकुर की फिल्म हाय नन्ना का निर्देशन शौरयुव ने किया है. ये मूवी हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम भाषाओं में रिलीज हुई है. इसके डिजिटल राइट्स भी बिक चुके हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगले साल 2024 की जनवरी के तीसरे हफ्ते में हाय नन्ना ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो जाएगी.

# द आर्चीज से नई कहानी, नए चेहरे और नई प्रतिभाएं तराशने में सफल रहीं जोया अख्तर



शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने फिल्म द आर्चीज से अभिनय जगत में पदार्पण कर लिया है।न सिर्फ सुहाना, बल्कि दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी और निर्माता बोनी कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर की भी सिनेमा की दुनिया में यह पहली परीक्षा है, वहीं अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने भी इससे बॉलीवुड में अपनी बोहनी की है।फिल्म 7 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर आई है तो आइए अब ये भी जान लें कि कैसी है द आर्चीज।इसकी कहानी अमेरिकी कॉमिक्स द आर्चीज से प्रेरित है, जिसे जोया अख्तर ने अपने अंदाज में पर्दे पर परोसा है।आर्ची (अगस्त्य नंदा) और उसके दोस्तों के इर्द–गिर्द बुनी गई इस कहानी का मुख्य आकर्षण है, शहर रिवरडेल का दिल या कह लें इतिहास द ग्रीन पार्क, जिसे तोड़कर कुछ व्यवसायी वहां होटल बनाना चाहते हैं। हालांकि, आर्ची और उसके दोस्त उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं।अब क्या होगा इसका भविष्य, यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।60 के दशक की यह कहानी है साधारण, लेकिन इसे दिखाने का तरीका दिलचस्प है। शुरुआत में फिल्म दिलचस्पी नहीं जगाती, लेकिन जैसे–जैसे यह आगे बढ़ती है, आप इसके किरदारों और कहानी से जुड़ते चले जाते हैं। यह आपको उसी दौर में ले जाती है।यूं तो फिल्म में स्टार किड्स से लेकर हर कलाकार का अभिनय काबिल–ए–तारीफ है, लेकिन वैरोनिका के किरदार में सुहाना और आर्ची बने अगस्त्य सभी में अलग ही चमकते हैं। सुहाना के हाव–भाव और आत्मविश्वास देख लगता है मानों वह भी अपने पिता की तरह सिनेमा के लिए बनी हैं। उनका स्टाइल और स्वैग देखते ही बनता है।उधर अगस्त्य, आर्ची के किरदार में 100 फीसदी खरे उतरते हैं। वह अपने अभिनय के साथ डांस से भी हैरान करते हैं।बेट्टी के रूप में खुशी कपूर भी कुछ कम नहीं हैं। उनकी सादगी और सहजता खूब भाती है, वहीं वेदांग रैना (रेगी मेंटल) अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराते हैं। उनके अलावा युवराज मेंडा, अदिति डॉट और मिहिर आहूजा भी अपने–अपने किरदार में छाप छोड़ते हैं।जोया ने लेखक रीमा कागती के साथ मिलकर हर एक किरदार को कहानी के मुताबिक बड़ी सूझ–बूझ से गढ़ा और चुना है। हर कलाकार से उन्होंने उम्दा अभिनय करवाया है।फिल्म देखते हुए एक खुशी महसूस होती है। यह ऐसी नहीं है, जिससे बोर हो जाएं। डांस से लेकर रोमांस, कॉमेडी और प्यार इसमें सबुकछ है। फिल्म में कई ऐसे संवाद हैं, जो दिल को छू लेते हैं।कुल मिलाकर जोया ने कॉमिक्स की एक शानदार दुनिया रची है।

फिल्म में कुछ कमियां हैं, जो न होतीं तो शायद ये और बेहतर होती। जैसे अंग्रेजी संवाद और किरदारों के नाम अंग्रेजी में होना।1960 के दौर का परिवेश, जीवन शैली, खान पान और सलीके पर जोया ने बहुत बारीकी से काम किया है। पर्यावरण का मुद्दा भी सही चुना, लेकिन वह इसकी गहराई में जाने से चूक गईं। लगता है जैसे बड़ी जल्बदाजी में उन्होंने यह निपटा दिया।कहानी मुद्दे पर आने में भी थोड़ा वक्त लेती है।2 घंटे 23 मिनट की द आर्चीज में संगीत शंकर एहसान लॉय का है, जो अच्छा है। सुनो, से लेकर वा वा वूम फिल्म के गाने थिरकने पर मजबूर करते हैं। बॉस?को सीजर और गणेश हेगड़े की कोरियोग्राफी ने दृश्यों को और दमदार बना दिया। क्यों देखें– डिजिटल के इस दौर में हम इंटरनेट के इर्द–गिर्द इतने सिमट गए हैं कि किताबें पढने का शौक दम तोड़ रहा है। किताबों की क्या अहमियत है, यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी चाहिए, वहीं अगर युवा शक्ति पर विश्वास है और लगता है कि युवा समाज में बदलाव ला सकते हैं तो भी यह फिल्म आपके लिए है।

# बाक्स आफिस पर एनिमल की सुनामी में भी डटी है सैम बहादुर

विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर को 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और यह दर्शकों के बीच अपनी छाप छोडने में कामयाब रही।फिल्म को समीक्षकों के साथ दर्शकों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, लेकिन टिकट खिड़की पर सैम बहादुर को रणबीर कपूर की एनिमल से भिड़ंत का नुकसान हुआ है।हालांकि, सैम बहादुर मजबूती से बॉक्स ऑफिस पर टिकी हुई है।आइए जानते हैं फिल्म ने छठे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। रिपोर्ट के मुताबिक, सैम बहादुर ने छठे दिन 3.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद



इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 35.85 करोड़ रुपये हो गया है।सैम बहादुर ने 6.25 करोड़ रुपये के साथ टिकट खिड़की पर धीमी शुरुआत की थी।वीकेंड पर फिल्म की कमाई में उछाल आया और इसने दूसरे दिन 9 करोड़ रुपये और तीसरे को 10.3 करोड़ रुपये कमाए।फिल्म चौथे दिन 3.5 करोड़ रुपये और पांचवें दिन 3.5 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। सैम बहादुर का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। राजी के बाद मेघना और विक्की की साथ में यह दूसरी फिल्म है।फिल्म में सान्या मल्होत्रा भी हैं, जो अभिनेता की पत्नी

सिल्लू मानेकशॉ बनी हैं।इसमें फातिमा सना शेख ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है।सैम बहादुर की कहानी भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने 1971 के भारत–पाक युद्ध में भारतीय सेना को जीत दिलाई थी।

# फिल्म खो गए हम कहां से सामने आई अनन्या पांडे की नई झलक



अनन्या पांडे की फिल्म खो गए हम कहा पिछले कुछ वक्त से चर्चा में है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव भी हैं। इन तीनों कलाकारों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं।खो गए हम कहां का प्रीमियर 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर होगा।अब फिल्म का नया पोस्टर सामने आया है, जिसमें अनन्या का शानदार अवतार देखने को मिल रहा है।इसी के साथ अनन्या ने बताया कि उनकी इस फिल्म का ट्रेलर कब आएगा। अनन्या ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर खो गए हम कहां का नया पोस्टर साझा किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा, शीशा या दीवार पर लगा शीशा, इनमें से सबसे अधिक पसंद कौन है? अहाना।इसके साथ अनन्या ने खुलासा किया कि खो गए हम कहां का ट्रेलर 3 दिन बाद यानी 10 दिसंबर को आएगा।खो गए हम कहां के जरिए अर्जुन वरन सिंह ने निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है।कल्कि कोचलिन भी फिल्म का हिस्सा हैं।

# राची शर्मा ने अपने ड्रीम प्रपोजल के बारे में किया खुलासा

टीवी शो कुमकुम भाग्य की फेम एक्ट्रेस राची शर्मा ने शेयर किया कि वह रील लाइफ की तरह रियल लाइफ में भी अपनी सगाई की प्लानिंग करना चाहती है।
रणबीर (कृष्णा कौल) और प्राची (मुग्धा चाफेकर) के जीवन में एक चौंकाने वाले मोड़ के बाद, कुमकुम भाग्य की पूरी कहानी अपने आप में बदल गई।
शो तेजी से 20 साल आगे बढ़ गया। अब शो की कहानी रणबीर– प्राची की बेटियों पूर्वी (रांची) और खुशी (सिमरन बुध ारूप) के जीवन का अनुसरण करेगी।
शो के बारे में बात करते हुए, राची ने कहारू फिलहाल हम कुमकुम भाग्य में पूर्वी–आशुतोष के सगाई सीक्वेंस की शूटिंग कर रहे हैं और मुझे लगता है कि मेजर सीक्वेंस में से एक का हाइलाइट मेरी ड्रेस और मेरी रिंग है, जो बहुत सुंदर है।



उन्होंने कहा, पूर्वी शो में ड्रेस और अपनी ज्वैलरी के साथ–साथ अपने घर को भी खुद ही चुनती हैं और यकीन मानिए मैं असल जिंदगी में भी अपनी सगाई की प्लानिंग करना चाहती हूं।
राची ने आगे कहा, इससे भी बड़ी बात यह है कि जब मैं बच्ची थी, तब से मैंने अपने ड्रीम प्रपोजल के बारे में सोचा हुआ है और मैं चाहती हूं कि मेरा पार्टनर मेरी रिंग और मेरी ड्रेस भी चुने। मैं चाहती हूं कि वह मेरे साथ मिलकर हर चीज की प्लानिंग करें, और जहां रील लाइफ में मेरा यह सपना पूरा हो गया है, तो मुझे उम्मीद है कि रियल लाइफ में भी यह सपना पूरा होगा।कुमकुम भाग्य जी टीवी पर प्रसारित होता है।


## डीप नेक ड्रेस में जान्हवी कपूर ने शेयर कीं अबतक की सबसे बोल्ड तस्वीरें, तस्वीरें देख फैंस हुए बेहाल



बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने एक बार फिर अपनी बेहद बोल्ड तस्वीरें अधिकारिक इंस्टा अकाउंट पर पोस्ट की हैं. जान्हवी कपूर बॉलीवुड का एक जाना–पहचाना नाम बन चुकी हैं. जान्हवी कपूर अपने चार्मिंग और बोल्ड लुक के लिए भी फैंस के बीच काफी पॉपुलर हैं. सोशल मीडिया पर अक्सर जान्हवी अपनी तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करती हैं और हाल ही में उन्होंने कुछ ऐसी तस्वीरें पोस्ट की हैं जिनमें एक्ट्रेस बेहद हॉट नजर आ रही हैं. चमचमाती हुई वनपीस ड्रेस में जान्हवी का किलर लुक देख फैंस भी हैरान हैं. जान्हवी की यह ड्रेस काफी डीपनेक भी है इसलिए उनका लुक काफी बोल्ड नजर आ रहा है. तस्वीरों में जान्हवी कपूर की बोल्डनेस देखकर फैंस कमेंट बॉक्स में अलग अलग तरह से एक्ट्रेस की तारीफ कर रहे हैं. तस्वीरों को पोस्ट कर जान्हवी कपूर ने कैप्शन में लिखा है– चलते–फिरते डिनर. तस्वीरें पर यूजर्स ने कई कमेंट किए हैं. किसी ने लिखा खूबसूरत तो किसी ने स्टंड अगेन. एक यूजर ने लिखा आप बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस हैं.

# 24 साल की उम्र में अंजलि अरोड़ा ने खरीदा करोड़ों का घर, कार्तिक आर्यन ने धीमे–धीमे गाने पर किया जबरा डांस

बिग बॉस 13 के घर में कई जोड़ियां बनीं। इनमें से एक थी आसिम रियाज और हिमांशी खुराना की जोड़ी। लोगों को ये जोड़ी काफी पसंद थी और चाहने वाले खूब प्यार भी लुटाते थे। रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म एनिमल सोशल मीडिया और बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है शबिग बॉस 13 के घर में कई जोड़ियां बनीं। इनमें से एक थी आसिम रियाज और हिमांशी खुराना की जोड़ी। लोगों को ये जोड़ी काफी पसंद थी और चाहने वाले खूब प्यार भी लुटाते



थे। शो खत्म होने के बाद भी दोनों लंबे वक्त से साथ थे, लेकिन हाल में ही दोनों ने अपने ब्रेकअप की घोषणा कर दी है। अब दोनों हमेशा–हमेशा के लिए अलग हो गए हैं। दोनों का रिश्ता अब टूट गया है। इसके ऐलान के साथ ही दोनों के फैंस का ी दिल टूट गया है। हिमांशी ने इसकी आधिकारिक घोषणा अपने ट्विटर हैंडल पर की है। रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म एनिमल सोशल मीडिया और बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है, लेकिन फिल्म में दिखाई गई अत्यधिक हिंसा दर्शकों के एक वर्ग को रास नहीं आ रही है। इसी मुद्दे को संसद में उठाते हुए कांग्रेस की राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन ने गुरुवार को कहा कि ऐसी थीम वाली फिल्में समाज में हिंसा और स्त्रीद्वेष को बढ़ावा देती हैं। ब्लॉकबस्टर अर्जन वैली गीत, जो रिलीज होने के बाद से चार्ट में शीर्ष पर है, के बारे में बोलते हुए, राज्यसभा सदस्य ने कहा कि गैंगवार के पृष्ठभूमि गीत में अर्जन वैली के इतिहास को चित्रित करना शर्मनाक है।

# भटनी को हरा भाटपाररानी बना नमो कबड्डी विजेता

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे भाजपा किसान मोर्चा आयोजित किये गये तीन दिवसीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता में भाटपाररानी ने भटनी को हरा जीता। इसके पूर्व पहला सेमीफाइनल मैच रुद्रपुर और भटनी के बीच खेला गया।जिसका शुभारंभ भाजपा जिलाप्रभारी संतराज यादव,पूर्व एमएलसी महेन्द्र यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।इसमें भटनी ने रुद्रपुर को 34—24 से हराया।दूसरे सेमीफाइनल मैच भाटपाररानी और गौरीबाजार का शुरुआत विधायक सभाकुअर कुशवाहा और चेयरमैन बैतालपुर सरिता पासवान ने किया।इसमें भाटपार ने गौरीबाजार को 42—12 से हराया। नमो कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल भाटपाररानी और भटनी के बीच खेला गया।जिसमें भाटपाररानी ने भटनी को 38—15 अंक से शिकस्त दिया और विजेता बनी।इस मैच का शुभारंभ तथा पुरस्कार वितरण किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह,पूर्वजिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह,प्रधानाचार्य जीआईसी पी.के. शर्मा,विशम्भर मिश्रा ने किया।इस दौरान किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा दल देश मे है जो समाज मे रचनात्मक कार्यक्रम करती है।इसलिये कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किसान मोर्चा पूरे प्रदेश में कर रहा है।भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार खेल और खिलाड़ियों के लिये बहुत काम कर रही है।कबड्डी गांव से जुड़ा हुआ प्राचीन खेल है।भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता के विजेता टीम को



इस महीने के अंत मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में सम्मानित करेंगे। पूर्वजिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह ने प्रतियोगिता में भाग लेनी वाली सभी टीमो को शुभकामनाएं दिया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों,टीमो के खिलाड़ियों और निर्णायक मंडल के सदस्यों के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस दौरान कृष्णानाथ राय,श्रीनिवास मणि,अरविंद पाण्डेय,अम्बिकेश पाण्डेय,राधेश्याम शुक्ला,भगवान यादव,सुमंत चतुर्वेदी,मुकेश राय,अभिषेक राय,सत्यप्रकाश पाण्डेय,रत्नेश्वर गर्ग,अरुण मिश्रा,विनय राव,अमित सिंह,कुंवर राय आदि रहें। विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी,प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता के शुभारंभ में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले जीआईसी के छात्रों को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# सब्जी उत्पादक किसानों की किस्मत बदल देगी 'सरकार की ये योजना'

## –किसानों की खत्म होगी नर्सरी की समस्या, अगेती खेती से मिलेगा बंपर लाभ

संवाददाता

मथुरा । लगातार छोटी हो रहीं जोत, एक ही फसल चक्र से खराब हो रही जमीन की सेहत और फसल उत्पादन पर बढ रही लागत से किसानों के लिए खेती उतनी मुफीद साबित नहीं हो रही है जितनी की होनी चाहिए। इसके लिए सरकार किसानों को वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित कर रही है, जिसमें फूल और सब्जी उत्पादन भी जुड़ा है। जनपद में सब्जी उत्पादक किसानों के लिए सरकार की हाईटेक नर्सरी योजना वरदान साबित हो सकती है। राजकीय उद्यान क्षेत्र अगरयाला विकास खण्ड चौमूहां में हाईटेक नर्सरी पर तेजी से काम चल रहा है। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने निरीक्षण कर आवश्य निर्देश भी दिये। निरीक्षण के समय उनके साथ उपायुक्त श्रम रोजगार विजय पाण्डेय, जिला उद्यान अधिकारी मनोज चतुर्वेदी भी रहे। राजकीय उद्यान क्षेत्र अगरवाला में मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि 13673000 रुपये की लागत से कार्यदायी संस्था सवीर बायोटेक द्वारा हाईटेक नर्सरी का निर्माण किया जा रहा है। हाइटेक नर्सरी निर्माण के उपरान्त इसका संचालन स्वयं सहायता समूह द्वारा उद्यान विभाग के सहयोग से किया जायेगा। इसके लिए स्वंय सहायता समूह हरे कृष्णा अगरयाला का चयन किया गया है। समूह के सदस्यों को हाइटेक नर्सरी के संचालन के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। हाइटेक नर्सरी की स्थापना जनपद के सब्जी उत्पादक कृषकों के लिये वरदान सिद्ध होगी, क्योंकि खेती में सबसे अधिक आय किसानों को सब्जियों की अगेती खेती से ही होती है। किन्तु सब्जियों की अगेती खेती के लिए किसानों को वातावरण अनुकूल न होने के कारण पौध तैयार नहीं कर पाते है। हाईटेक नर्सरी के माध्यम से किसान भाई सब्जियों की अगेती खेती करने में सफल होगे तथा अच्छी आय भी प्राप्त कर सकेंगे। हाइटेक नर्सरी से उत्पादित पौधा स्वस्थ एवं रोग रहित होती है। यदि किसान भाई अपना बीज देकर हाईटेक में पौध तैयार करेंगे तब उन्हें एक रुपये प्रति पौध की दर से भुगतान करना होगा तथा केन्द्र द्वारा क्रय किये गये बीजो से तैयार पौध दो रुपये प्रति पौध की दर से प्राप्त किया जा सकेगा।

# पीएम आवास योजना में 29700 परिवारों को मिला अपना घर

## –9039 परिवारों का जल्द होगा सपना पूरा

संवाददाता।

मथुरा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 29700 परिवारों को अपना घर मिल गया है। इन परिवारों की खुश का ठिकाना नहीं है। जल्द ही शेष 9039 परिवारों को भी पक्के मकान की सौगात मिलने जा रही है। जनपद को इस योजना के तहत 38793 आवासों को स्वीकृति मिली थी। डिप्टी कलेक्टर, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) आदेश कुमार ने अवगत कराया है कि डूडा विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत अवशेष अनारम्भ आवासों का निर्माण कराये जाने हेतु आठ दिसम्बर, से 10 दिसंबर के मध्य भूमि पूजन कार्यक्रम जनपद मथुरा में आयोजित किया जा रहा है। अभियान में नगर निकाय स्तर पर जनप्रतिनिधि अध्यक्ष, सम्बन्धित नगर पंचायत एवं अधिशासी अधिकारी इत्यादि की उपस्थिति में वृहद स्तर पर भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है। इसके क्रम में आज नगर पंचायत बरसाना में भूमि पूजन का कार्यक्रम किया गया, जिसमें पदम सिंह फौजी चेयरमैन प्रतिनिधि—नगर पंचायत बरसाना, सभासद, अधिशासी अधिकारी एवं डूडा स्टाफ उपस्थित रहा। जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत कुल 38739 आवास स्वीकृत हैं, जिसके सापेक्ष 29700 आवास पूर्ण किए चुके है, शेष आवासों पर निर्माण कार्य पूर्ण कराने की कार्यवाही की जा रही है।

# 28 दिन बाद गांव के ही तालाब में मिला युवती का शव

## —घर से नाराज हो कर निकल गई थी युवती, तलाशते रहे परिजन

संवाददाता।

मथुरा। 28 दिन से गायब युवती का शव गांव के ही तालाब में तैरता मिला। युवती का शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। शव की हालत ठीक नहीं थी मौके पर पहुंचे परिजनों ने कपडों से युवती की पहचान की और मौके पर पुलिस को भी बुला लिया। शेरगढ़ क्षेत्र के गांव पैगांव में लक्ष्मी पुत्री हरिराम नौ नवंबर की दोपहर लगभग तीन बजे गुस्से में घर से निकलकर चली गई थी। उसी दिन से परिजन युवती की खोजबीन में लगे हुए थे लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लगा। सात दिसंबर को शाम करीब पांच बजे सूचना मिली कि गांव के राधा गिरधारी मंदिर के पास में बने तालाब में एक शव पानी पर तेर रहा है, जिसकी सूचना पाकर युवती के परिजन भी पहुंचेग गये। शव को कपड़ों के जरिये युवती लक्ष्मी के रूप मे पहचान लिया और जिसकी सूचना शेरगढ़ पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतिका के पिता हरिराम ने बताया कि नौ दिसंबर को लगभग तीन बजे घर से गुस्से में हाथ में बांक लेकर निकल गई थी, तभी से वह गायब थी। जिसकी गुमशुदगी शेरगढ़ थाने में 10 नवंबर को कराई थी लेकिन तभी से पुलिस और हम खोजबीन में लगे हुए थे। कोई पता नहीं चला लेकिन 28 दिन बीत जाने के बाद शव तैरने की सूचना गांव के तालाब में मिली तो हमने कपड़ों के जरिए अपनी बेटी को पहचान लिया।

# खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी पर डीएम सख्त, दिये अभियान चलाने के निर्देश

## –डीएम के आदेश के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग में भी बढ़ी हलचल

संवाददाता। मथुरा। खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरी पर जिलाधिकारी ने सख्त तेवर दिखाये हैं। डीएम खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है और अभियान चला कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व प्रशासन, राजस्व कार्यों, राजस्व वादों, आईजीआरएस, लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों तथा, खाद्य सुरक्षा, खाद्य एवं रसद विभाग विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाएं और जांच कराई जाये। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों सहित सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य तेलों, मसालों, दूध पनीर, घी, मिठाई आदि के नमूने अभियान चलाकर लिए जाएं। जांच में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिलाधिकारी ने निर्धारित लक्ष्य से कम वसूली करने वाले अधिकारियों को चेतावनी दी है कि भविष्य में लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए, अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने एडीएम वित्त एव राजस्व योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दूबे सहित सभी एसडीएम और तहसीलदारों के साथ राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर की मासिक समीक्षा की। प्रत्येक दशा में शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तहसील दिवसों में प्राप्त शिकायतों को प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि में गुणवत्ता परक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त होने वाली शिकायतों की भी जिलाधिकारी ने समीक्षा की। वहीं, जिलाधिकारी कार्यालय से भेजी गई तहसील दिवसों से प्राप्त एवं मंडलायुक्त के स्तर से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतें का निस्तारण ससमय किया जाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों के अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि उनके नगर क्षेत्र में प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण नहीं होना चाहिए।

# खुलासा: नसरीपुरम में ज्वैलर्स के यहां हुई लूट में तीन गिरफ्तार

## –पुलिस ने लूट का खुलासा करते हुए लूट का माल भी किया बरामद

संवाददाता। मथुरा। पुलिस ने 21 नवम्बर को सदर बाजार क्षेत्र की नरसीपुरम कॉलोनी में ज्वैलर्स के यहां हुई लूट की घटना का खुलासा कर दिया है। इस दौरान बदमाशों ने फायरिंग भी की थी। गन पाइंट पर हुई इस लूट के बाद ज्वैलर्स ने करीब 30 लाख की लूट की बात कही थी। बाद में पुलिस जांच में लूट बहुत कम की निकली। एसएसपी ने घटना के खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया था। थाना सदर बाजार, कोतवाली, सर्विलांस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए लूट को अंजाम देने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार



किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने लूट का माल भी बरामद कर लिया है। बदमाश दुकान में घुसकर शटर डालकर दुकानदार पर तमंचा तानकर दुकान की तिजोरी में रखे सोने व चांदी के आभूषण बैग में भरकर ले गये थे। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटे गये सोने व चांदी के जेवरात के अलावा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, दो तमंचा, तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किये हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार छोटेलाल के मुताबिक कार्तिक पटेल उर्फ पपला गुर्जर पुत्र राजवीर पटेल निवासी आजमपुर थाना रिफाइनरी जनपद मथुरा, अरविन्द पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम अवैरनी थाना बल्देव हाल किरायेदार पुष्पांजली द्वारिका थाना रिफाइनरी जनपद मथुरा तथा सौरभ चौधरी पुत्र विनोद कुमार निवासी नगला भरऊ थाना राया जनपद मथुरा को सिंचाई विभाग की खाली जमीन कच्चा रास्ता औरंगाबाद से गिरफ्तार किया गया। फरार चल रहे अभियुक्त दिनेश पुत्र भूरी सिंह निवासी रदोई थाना बल्देव जनपद मथुरा की तलाश जारी है।

# गोगामेडी की हत्या के विरोध में कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

## –राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, आरोपितों के लिए की फांसी की मांग

संवाददाता।

मथुरा। जयपुर में हुई सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या के बाद क्षत्रिय समाज में आक्रोश है। क्षत्रिय समाज लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहा है। शुक्रवार को क्षत्रिय समाज के विभिन्न संगठनों ने एक मंच पर आकर कलेक्ट्रेट पर शक्ति प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को जगह जगह पुतला दहन किया गया था। सुबह क्षत्रिय समाज के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और नारेबाजी करते हुए गोगामेड़ी की हत्या पर आक्रोष जाहिर किया। इस दौरान क्षत्रिय समाज के विभिन्न संगठनों ने एकजुटता का परिचय दिया और एक आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ ही इस घटना के पीछे जिन लोगों का हाथ है उन्हें भी बेनकाब करने की मांग की। पीड़ित परिवार को सुरक्षा और पांच करोड़ के मुआवजे की भी बात कही।



विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने कहा कि जयपुर में पांच दिसंबर को हमारे समाज के नेता गोगामेड़ी की हत्या कर दी गई। मथुरा जनपद के सभी क्षत्रिय समाज ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया है। दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ कर उनको फांसी की सजा दी जाए और इसके पीछे किसका हाथ है इस बात का भी खुलासा किया जाए। यह कांग्रेस सरकार की घोर लापरवाही थी। पंजाब सरकार ने इनपुट राजस्थान सरकार को दे दिया था कि इन की हत्या हो सकती है। हमें तो यह लगता है कि इसमें गहलोत सरकार का भी कुछ न कुछ सहयोग रहा है। गोरक्षक अभिषेक ठाकुर ने कहाकि इस तरीके से खुले आम राजस्थान में कांग्रेस सरकार के दौरान जंगल राज रहा। अभी यहां भाजपा की सरकार आई है।

गोगामेडी सबसे पहले गो रक्षक थे, जितने भी गो रक्षक हैं उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जाए। गोगामेडी के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाये। इस दौरान कुंवर नरेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक कुशल पाल सिंह, मुकेश सिकरवार, प्रवीन ठाकुर, करण ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# उम्मीद: 28 साल से है भाई की तलाश, अब कंकाल के लिए रजवाह खोदा गया

## –मथुरा के गांव पिरसुआ में 28 साल पहले हो गया था 11 साल के बच्चे का अपहरण

संवाददाता मथुरा। 28 साल बाद भी छोटे भाई की तलाश में बडा भाई अधिकारियों के दर पर दरदर दस्तक दे रहा है। पुलिस मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा चुकी है। मथुरा के राया में 28 वर्ष पूर्व 11 वर्षीय बालक की अपहरण के बाद हत्या के मामले में पुलिस ने गुरुवार दोपहर तीन बजे रजबहे की खुदाई कराई। हालांकि खुदाई में कोई अवशेष नहीं मिला। इतना ही नहीं पुलिस वर्ष 2000 में एक लडके को बरामद कर लाई थी लेकिन परिजनों ने उसे अपना मानने से इनकार कर दिया था, इसके बाद पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट लगा दी थी। इसके बाद भी चार पांच बार और जांच कराई गई। इसी भाग दौड में पिता स्व. रोशनलाल की भी मौत हो गई लेकिन भाई ने अपने छोटे भाई की तलाश में भाग दौड जारी रखी। इनमें भी पूर्व जांच के आधार पर क्रम से अंतिम रिपोर्ट लगा दी गई। न्याय न मिलने पर मैंने आईजी आगरा के पास न्याय की गुहार लगाई। अब गांव के पास में बने रहवाह में भाई के कंकाल की तलाश में अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी से खुदाई कराई गई लेकिन यहां भी निराशा ही हाथ लगी और कोई कंकाल खुदाई में नहीं मिला। थाना राया के गांव नगला पिरसुआ निवासी संतशरण का कहना है कि उसका छोटा भाई राकेश खेलने के लिए अपने घेर में गया था। यहां से गांव के चार लोग उसे अपहरण कर ले गए थे। इस संबंध में थाना राया पर सन् 1996 में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब जांच सीओ सदर प्रवीण मलिक के पास है। कोयल रजबहे पर स्थित संभावित जगह की खोदाई कराई गई है। थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि सीओ सदर प्रवीण मलिक, नायब तहसीलदार पंकज यादव की मौजूदगी में जेसीबी से रहबहे की संभावित स्थान की खोदाई कराई गई। हालांकि वहां किसी भी प्रकार के अवशेष नहीं मिले। थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि सीओ सदर प्रवीण मलिक, नायब तहसीलदार पंकज यादव की मौजूदगी में जेसीबी से रजवाह के संभावित स्थान की खोदाई कराई गई। हालांकि वहां किसी भी प्रकार के अवशेष नहीं मिले।

# ब्लाक प्रमुख ने परिजनों को ढांढस बंधा दी आर्थिक सहायता

## बुधवार को सीवर टैंक में गिरने से हुई थी सगे भाइयों की मौत

संवाददातां भरुआ सुमेरपुर । गत बुधवार को सीवर टैंक का ढक्कन टूटने से टैंक में गिरकर जान गवाने वाले सिपाही एवं उसके बड़े भाई के परिजनों को ब्लाक प्रमुख ने घर पहुंचकर बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करके सभी को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गत बुधवार को टेढ़ा गांव निवासी सिपाही लालबहादुर उर्फ कल्लू अपने मकान में बने सीवर टैंक की छत पर खड़ा होकर बड़े भाई रामसेवक उर्फ भूरा से मकान निर्माण की बात कर रहा था तभी सीवर टैंक का ढक्कन टूट जाने से सिपाही टैंक में समा गया था। छोटे भाई को टैंक में गिरता देखकर बड़ा भाई रामसेवक भी टैंक में कूद गया था। दोनों की दम घुटने से मौत हो गई थी। दो सगे भाइयों की मौत की सूचना पाकर ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव शुक्रवार को मृतकों के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए रामसेवक के बच्चों की पढ़ाई एवं परिवरिश के लिए 20 हजार का चेक प्रदान किया। साथ ही परिजनों को भरोसा दिलाया है कि वह हर संभव मदद करेंगे। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य बच्चू सेंगर, पप्पू महाराज, लालू आदि अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# हाईवे: सड़क किनारे के अतिक्रमणों को हटाने को चलेगा अभियान

## – अतिक्रमण को लेकर राजमार्ग प्राधिकरण की टीम ने शुरू की तैयारी

संवाददाता मथुरा। कोसीकलां क्षेत्र में हाईवे किनारे राजमार्ग प्राधिकरण की परिधि में हो रहे अतिक्रमणों को हटवाने के लिए एक बार फिर राजमार्ग प्राधिकरण सक्रिय हो गया है। प्राधिकरण की टीम ने पुलिस— प्रशासन के आला अधिकारियों से मुलाकात कर पूरे मुद्दे पर रिपोर्ट दी और सुरक्षा मांगी। चिन्हांकन एवं नोटिस के बाद अब अभियान को तेजी से चलाने की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। जिससे एक बार फिर हाईवे किनारे तोडफोड नजर आ सकती है। कोटवन से लेकर मथुरा तक हाईवे के दोनों ओर होटल ढाबे एवं व्यावसायिक गतिविधि वाले प्रतिष्ठान बने हुए हैं। आरोप है कि इनमें से अधिकतर के पास एनओसी नहीं है। यही नहीं अधिकतर ने हाईवे की जमीन पर अपना अवैध कब्जा कर स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण किए हुए हैं। इनमें कई नामी गिरामी प्रतिष्ठान शामिल हैं। जिसको लेकर राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से हाईवे की देखरेख करने वाली संस्थान के घटना प्रमुख नरेंद्र चौधरी को इसके चिन्हांकन का जिम्मा सौंपा गया था। कई महीने पूर्व इस मामले को लेकर वे अतिक्रमणकारियों से पुलिस अधिकारियों की मध्यस्थता के बीच चर्चा कर समय दे चुके थे। उस समय अवधि को खत्म हुए भी महीने हो गए। ऐसे में अब राजमार्ग प्राधिकरण अतिक्रमण को लेकर जीरो टोलरेंस की नीति के तहत अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने जा रहा है। शुक्रवार को घटना प्रबंधक नरेंद्र चौधरी ने पुनः अतिक्रमणकारियों से अपील जारी कर अपने अपने अतिक्रमण हटाने को कहा है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण को लेकर कोई रियायत नहीं की जाएगी। इससे सख्ती से निपटा जाएगा। हमने इससे संबंधित सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली है। अगर स्वयं अतिक्रमण हटा लेंगे तो उसमें नुकसान नहीं होगा।

# क्रांतिकारी भाई परमानंद की मनाई पुण्यतिथि

भरुआ सुमेरपुर। वर्णिता संस्था के तत्वावधान में क्रांतिकारी के प्रतीक भाई परमानंद की पुण्यतिथि मनाई गई।

संस्था के अध्यक्ष डा भवानीदीन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा भाई परमानंद सच्चे अर्थों मे तत्कालीन क्रांतिकारियों के प्रेरणास्रोत थे। इनका जन्म पराधीन भारत के पंजाब के जिला झेलम के करियाला गांव में भाई मतिदास के वंश में तारा चन्द्र के घर हुआ था। इन्होंने डीएवी कालेज और पंजाब विश्वविद्यालय से अपनी शिक्षा पूरी की। वह गदर पार्टी के संस्थापक सदस्य थे। भाई परमानंद ने दक्षिणी अफ्रीका, ब्रिटेन और अमरीका की यात्रा की। भारत का इतिहास सहित, मेरी आप बीती,वीर बंदा बैरागी सहित कई पुस्तकें लिखी। भगत सिंह,सुखदेव,बिस्मिल और करतार सिंह जैसे प्रमुख क्रांतिकारियों के प्रेरणास्रोत रहे। इन्हें लाहौर केस में फांसी की सजा मिली। जो आगे चलकर आजीवन कारावास में बदल गई। उन्होंने अंडमान में कालेपानी की सजा भोगी। भारत विभाजन की घोषणा तीन जून 1947 को हुई। इससे वह बहुत आहत हुये और आठ दिसम्बर 1947 को इनकी मृत्यु हो गई।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।